प्रसार भारती
आकाशवाणी शिमला
26.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

" मुख्य समाचार"

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार किए प्रदान।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने समाज के हर वर्ग से चिट्टे के खिलाफ जन आंदोलन का हिस्सा बनने का किया आह्वान।
- मुख्यमंत्री के आश्वासन के बावजूद रेजिडेंट डॉक्टरों ने कल से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का लिया फैसला।
- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा–विकसित भारत जी राम जी योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में किए जाएंगें विकास कार्य।
- कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने सरकारी स्कूलों में घटती छात्र संख्या पर आत्मचिंतन का अध्यापकों से किया आह्वान।

राष्ट्रपति – बाल पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में वीर बाल दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किए। इस वर्ष 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 20 बच्चों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि ये पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं को प्रोत्साहित करेंगे और देश भर के बच्चों को प्रेरित करेंगे। इधर प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर बाल दिवस कार्यक्रम आयोजित कर सिक्खों के 10वें गुरू श्री गुरू गोविंद सिंह जी के साहिबजादों के बलिदान को नमन किया गया।

सिकंदर कुमार

राज्यसभा सांसद व प्रदेश भाजपा महामंत्री सिकंदर कुमार ने कहा है कि प्रदेश में विकास के लिए केंद्र से पर्याप्त फंड आ रहा है लेकिन राज्य सरकार की आपसी खींचतान और प्रशासनिक अक्षमता के कारण जनता तक नहीं पहुंच पा रहा है। उन्होंने वीर बाल दिवस के अवसर पर पांवटा साहिब में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की और बाबा ज़ोरावर सिंह व बाबा फतेह सिंह जी को नमन किया। इस दौरान उन्होंने इन साहिबजादों के बलिदान को भी याद किया। इस बीच सांसद सुरेश कश्यप ने बस स्टैंड शिमला में स्थित गुरूद्वारा साहिब में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया, जबकि पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने नादौन स्थित गुरूद्वारे में माथा टेककर श्री गुरू गोविंद सिंह के साहिबजादों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज बिलासपुर में आयोजित एंटी चिट्टा वॉकथॉन का नेतृत्व किय, जिसमें समाज के सभी वर्गों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर परमुख्यमंत्री ने लोगों को चिट्टे व मादक पदार्थों के सेवन के खिलाफ जागरूकता शपथ भी दिलाई। बाद में लुहणू मैदान में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने समाज के हर व्यक्ति से चिट्टे के खिलाफ जन आंदोलन का हिस्सा बनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि समाज में बदलाव हमेशा युवाओं ने ही लाया है और इस बार भी युवा ही हमारे साथ मिलकर हिमाचल को चिट्टा मुक्त करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में एंटी चिट्टा वालंटियर योजना शुरू करेगी और इसके तहत कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, एन.सी.सी., एन.एस.एस., युवा क्लबों और समाज के जागरूक युवाओं को एंटी चिट्टा वालंटियर के रूप में जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि चिट्टा तस्करों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई के साथ–साथ नशे के शिकार व्यक्तियों के लिए पुनर्वास का काम किया जा रहा है। इस अवसर पर तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस बीच मुख्यमंत्री ने आज बिलासपुर में करीब एक सौ 10 करोड़ रूपये की विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास भी किए। इनमें बिलासपुर शहर के लिए 93 करोड़ 30 लाख रूपये की मल निकासी योजना और पुलिस लाईन में स्टाफ क्वार्टरों की आधारशिला शामिल है।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध लड़ाई में जनभागीदारी और सतत जागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया है। आज शिमला के गेयटी थियेटर में आयोजित एक जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जागरूक और सतर्क नागरिक सरकार व कानून प्रवर्तन एजेंसियों के प्रयासों को प्रभावी रूप से मजबूत कर सकते हैं। राज्यपाल ने विशेष रूप से युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए नागरिकों से स्वस्थ, नशा–मुक्त और सशक्त हिमाचल के लिए सामूहिक संकल्प लेने का आह्वान किया।

डॉक्टर एसोसिएशन

आई.जी.एम.सी. में मरीज़ व डॉक्टर के बीच हुई मारपीट मामले में डॉक्टर की बर्खास्तगी रद्द करने की मांग को लेकर रेजिडेंट डॉक्टरों ने कल से प्रदेश में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का फैसला लिया है। आज सुबह मुख्यमंत्री से बातचीत और निष्पक्ष जांच के आश्वासन के बावजूद रेज़िडेंट डॉक्टर अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं। रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन शिमला के अनुसार हड़ताल के दौरान सभी सरकारी अस्पतालों में ओपीडी, नियमित सेवाएं और वैकल्पिक ऑपरेशन थियेटर पूरी तरह बंद रहेंगे, जबकि आपातकालीन सेवाएं जारी रखी जाएंगी। एसोसिएशन ने डॉक्टरों की सुरक्षा बढ़ाने और धमकाने के मामले की निष्पक्ष जांच की मांग दोहराई है। इस मामले को लेकर रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन के आज सामूहिक अवकाश पर जाने से अस्पतालों में मरीज़ों को परेशानी झेलनी पड़ी।

शिवराज – विकसित भारत जी–राम–जी

केंद्रीय कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि विकसित भारत जी राम जी योजना के अंतर्गत वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य किए जाएंगे। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक ग्रामीण परिवार के लिए वैधानिक मजदूरी रोजगार गारंटी एक सौ दिन से बढ़ाकर 125 दिन कर दी गई है।

चंद्र कुमार

कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने सरकारी स्कूलों में घटती छात्र संख्या पर आत्म चिंतन करने का अध्यापकों से आह्वान किया है। ज्वाली विधानसभा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बरियाल के वार्षिक समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थान की पहचान शिक्षकों की भूमिका से तय होती है। उन्होंने शिक्षकों को आधुनिक व तकनीकी युग के अनुसार अपनी शिक्षण पद्धतियों में समयानुसार परिवर्तन करने को कहा। इस दौरान चंद्र कुमार ने विद्यालय में विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का पुरस्कार वितरित किए।

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि पिछले 3 वर्षों में कांग्रेस सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ किया है। वे आज जुब्बल क्षेत्र में एक करोड़ 46 लाख रूपये की लागत से नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरथाटा के लोकार्पण अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस स्वास्थ्य केंद्र के बनने से बरथाटा, कठासू और बढ़ाल पंचायतों के लोगों को लाभ होगा। शिक्षा मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा न्यूज़ीलैंड से आयात होने वाले सेब पर आयात शुल्क कम करने से हिमाचल के बागवानों को नुकसान होगा।

" मुख्य समाचार एक बार फिर"

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार किए प्रदान।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने समाज के हर वर्ग से चिट्टे के खिलाफ जन आंदोलन का हिस्सा बनने का किया आह्वान।
- मुख्यमंत्री के आश्वासन के बावजूद रेजिडेंट डॉक्टरों ने कल से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का लिया फैसला।

- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा–विकसित भारत जी राम जी योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में किए जाएंगें विकास कार्य।
- कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने सरकारी स्कूलों में घटती छात्र संख्या पर आत्मचिंतन का अध्यापकों से किया आह्वान।